CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 113 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरूवार, 9 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अंता उपचुनाव में बढ़ी सियासी गर्मी-कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया पर लगाया दांव, नरेश मीणा निर्दलीय मैदान में उतरेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां ।**

राजस्थान की सियासत एक बार फिर अंता विधानसभा सीट पर सिमट आई है। कांग्रेस ने इस उपचुनाव में अपने वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन भाया पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि टिकट न मिलने से नाराज नरेश मीणा ने अब निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि वे 14 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे अंता उपचुनाव अब और अधिक रोचक हो गया है, जहां मुकाबला सीधा नहीं, बल्कि बहुकोणीय होने जा रहा है।

### कांग्रेस का भरोसा जनसेवा का अनुभव बनेगा ताकत

कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को टिकट देकर अपने पुराने और अनुभवी नेता पर दांव लगाया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाया को उम्मीदवार बनाए जाने पर बधाई दी और कहा, भाया जी के जनसेवा के अनुभव और जनता से जुड़ाव को देखकर पूरा भरोसा है कि अंता की जनता कांग्रेस को विजी बनाएगी।

### कांग्रेस को 2023 की हार का बदला लेने का मौका

अंता उपचुनाव केवल एक सीट का नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिष्ठा का मुकाबला बन गया है। कांग्रेस के लिए यह 2023 की हार का बदला चुकाने का अवसर है, वहीं बीजेपी इस सीट को हर हाल में बचाना चाहती है। दोनों दलों के बड़े नेता लगातार अंता में डेरा डाले हुए हैं और चुनाव प्रचार रणनीति को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### कंवरलाल मीणा की सजा से खाली हुई सीट

यह सीट कंवरलाल मीणा की सजा के कारण खाली हुई थी। मीणा ने मनोहर थाना कोर्ट में सरेंडर किया और बाद में राज्यपाल के पास दया याचिका दायर की थी, जो अब भी लंबित है। इसी कारण निर्वाचन आयोग ने अंता सीट पर उपचुनाव का ऐलान किया है।





### किसानों, युवाओं और महिला मतदाताओं पर टिकी नजरें

अंता विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,27,563 मतदाता हैं, जिनमें 1,16,405 पुरुष, 1,11,154 महिलाएं और 4 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। हाल ही में 1,336 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। स्थानीय स्तर पर रोजगार, कृषि, सिंचाई और सड़क विकास जैसे मुद्दे मतदाताओं के मूड को तय करेंगे।

### नरेश मीणा की बगावत से बदले समीकरण

कांग्रेस से टिकट न मिलने पर नरेश मीणा की नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने साफ कहा है कि मैं जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बनूंगा, किसी पार्टी की नहीं। उनके निर्दलीय चुनाव लड़ने के ऐलान से कांग्रेस के लिए समीकरण संभालना चुनौती बन सकता है, जबकि बीजेपी इस विभाजन को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश करेगी।

## बजरी विवाद हिंसक झड़प में तब्दील

**दो पक्षों में कहासुनी के बाद चाकूबाजी और पत्थरबाजी, पाँच घायल**





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुर उपनगर के चौबे मोहल्ले में बुधवार सुबह मकान निर्माण के लिए बजरी खाली करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान चाकू और पत्थरबाजी हुई, जिससे दो लोगों की हालत गंभीर हो गई और कई लोग घायल हुए। स्थानीय लोग अफरातफरी में मौके से भागते हुए दिखाई दिए।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6ः30 बजे लोकेश पाठक के मकान निर्माण के लिए बजरी की ट्रिप आई। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग वहां पहुंचे और बजरी खाली करने से रोकने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद के दौरान आरोपियों ने लोकेश के भाई गोपाल पाठक और भांजे प्रकाश सारस्वत पर चाकू से हमला किया, जिससे मामा-भांजे दोनों लहुलुहान हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विवाद के दौरान आरोपियों ने पत्थरबाजी और मारपीट भी की। लोकेश के साथी दीपक, ललित और देपायर भी घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। लोकेश ने बताया कि आरोपी पहले भी तीन दिन पूर्व मलवा उठाने आए वाहन चालक बद्री नायक के साथ मारपीट कर चुके हैं, बाइक को नुकसान पहुंचाया और जबरन पैसे वसूले थे। पुलिस ने बताया कि लोकेश पाठक ने प्रकाश पुत्र नाथूलाल गहलोत, अनुराग पुत्र सुनील गहलोत, सुशील पुत्र प्रकाश गहलोत और रेखा पत्नी सुनील गहलोत के खिलाफ चाकूबाजी और पत्थरबाजी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपियों प्रकाश, सुनील और अनुराग को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कि है।

## नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर, मंगरोप पुलिस ने कार से 40 किलो डोडा चूरा जब्त किया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मंगरोप थान पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी पर सख्ती जारी रखते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है । पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आई-20 कार से करीब 40 किलो डोडा चूरा बरामद किया। हालांकि, तस्कर पुलिस की घेराबंदी तोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस ने बताया की थानाधिकारी विजय मीणा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की है । जिसमे बुधवार को मंगरोप-हमीरगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक आई-20 कार तेज रफ्तार में आती नजर आई। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन को और तेज भगाते हुए नाकाबंदी तोड़कर भाग गया।

पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया तो कुछ दूरी पर सड़क किनारे कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। तलाशी के दौरान डिक्की से दो कट्टों में भरा करीब 40 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ और वाहन दोनों को जब्त कर लिया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है । कार के मालिक का भी पता लगाया जा रहा है।

## स्वास्तिक प्रोसेस हादसाः घायल कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत, मुआवजे को लेकर प्रदर्शन


**परिवार ने 15 लाख रुपये मुआवजे की रखी मांग**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

(पंकज पोरवाल) शहर के प्रताप नगर थाना इलाके में रीको में स्थित स्वास्तिक प्रोसेस में कार्यरत कर्मचारी हिम्मत सिंह की तीन अक्टूबर को काम के दौरान गिरने से लगी गंभीर चोट के बाद उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। हिम्मत सिंह की मौत के बाद परिजन और समाजजन फैक्ट्री के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं और 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के किशनजी का खेड़ा निवासी 38 वर्षीय हिम्मत सिंह पिछले 15 साल से स्वास्तिक प्रोसेस में काम कर रहा था । तीन अक्टूबर को काम करते समय वो गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय भेजा गया। हिम्मत सिंह ने सात अक्टूबर को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।



हिम्मत सिंह के परिजन और समाजजन का कहना है कि फैक्ट्री में काम करते समय उसकी मौत हुई और परिवार में कोई अन्य कमाने वाला नहीं है। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन से 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। शुरू में उन्होंने 25 लाख रुपये की मांग रखी थी, लेकिन बाद में 15 लाख रुपये के लिए राजी हो गए।

आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना पुलिस ने मौके पर पंहुच फैक्ट्री प्रबंधन तथा प्रदर्शनकारियों के बीच समझाइश के प्रयास शुरू किए है ।

## कोटड़ी चारभुजा नाथ दरबार में भक्त ने दी अनोखी भेंट

**नई बोलेरो कार समर्पित, आस्था और भक्ति का बना प्रेरक प्रसंग**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

( दिनेश पारीक ) मेवाड़ अंचल के प्रमुख आस्था स्थल श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ दरबार बुधवार को एक अनोखी भक्ति घटना का साक्षी बना। सावर निवासी रोहित शर्मा ने अपने जीवन के विशेष मनोरथ की पूर्ति पर गहरी आस्था और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ठाकुरजी के चरणों में नई बोलेरो कार भेंट की।

भक्त रोहित शर्मा ने कहा, सच्ची आस्था और अटूट विश्वास जीवन में हर असंभव को संभव बना सकता है। यह भेंट केवल कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए नहीं, बल्कि समाज में आस्था का संदेश देने के लिए है।

भेंट के समय रोहित शर्मा के साथ उनके साथी एकांश , अवनीश माहेश्वरी, कमलेश आगाल और नीलेश पारीक उपस्थित रहे ।



जब बोलेरो कार ठाकुरजी के चरणों में समर्पित की गई, तो पूरा दरबार हरि बोल के उद्घोष से गूंज उठा।

मंदिर ट्रस्ट की ओर से भक्त परिवार का माला व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, पुजारी चंद्रशेखर पाराशर और सत्यनारायण पाराशर सहित अन्य श्रद्धालु इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने ठाकुरजी के समक्ष आरती कर इस दिव्य क्षण का साक्षात्कार किया।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


CMYK

## खाद्य विभाग का दीपावली विशेष अभियान

### बीकानेर स्वीट्स और चारभुजा तेल पर छापा, नमूने जांच के लिए भेजे गए



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग के दिशा-निर्देश पर दीपावली के अवसर पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को जिले में चार स्थानों पर छापा मारा गया। इस दौरान नमूने लिए गए और जांच के लिए भेजे गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने श्री खेतेश्वर लोधाण स्वीट्स कॉर्नर, गंगापुर चौराहा से गुलाब जामुन और मिल्क केक के दो नमूने लिए। इसके अलावा बीकानेर स्वीट्स एंड रसगुल्ला भंडार से गुलाब जामुन का एक नमूना लिया गया। टीम ने दूषित पाए गए 5 किलो रसगुल्ला और 5 किलो मावा मिठाई को जनहित में नष्ट कराया।

साथ ही, श्री चारभुजा ऑयल मिल्स एंड जीनिंग फैक्ट्री भीलवाड़ा से फिल्टर मूंगफली तेल का एक नमूना लिया गया। सभी सैंपल जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, अजमेर में जांच के लिए भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव, राजेश कुमार त्रिपाठी, और सहायक कर्मचारी गोपाल लाल शर्मा मौजूद रहे । डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि अभियान दीपावली तक जारी रहेगा और शुद्ध आहार सुनिश्चित करने के लिए लगातार जांच की जा रही है।

# बनास बचाओ के नारों से गूंजा कलेक्ट्रेट किसानों ने कहा, एक भी कण नहीं निकलने देंगे

### धीरज गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, माइनिंग विभाग और पुलिस पर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान की जीवनरेखा कही जाने वाली बनास नदी में बढ़ते अवैध बजरी खनन के खिलाफ बुधवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बनास बचाओ, प्रदेश बचाओ के नारों के साथ सवाईपुर, चांदगढ़, आकोला ,जीवा खेड़ा, खजाना, धोनी, होलिराड़ा, गेगा का खेड़ा और बड़लियास सहित आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और उच्च न्यायालय के आदेशों की सख्त पालना सुनिश्चित करने की मांग की।






**धीरज गुर्जर के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब**

कांग्रेस नेता और किसान नेता धीरज गुर्जर की अगुवाई में किसानो का ये आंदोलन आयोजित हुआ। इस दौरान गुर्जर के साथ मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय भी मौजूद रहे। मालवीय सवाईपुर से खुद ट्रैक्टर चलाकर किसानों के जत्थे के साथ भीलवाड़ा पहुंचे। इस दौरान फ्लाईओवर से लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक किसानों के ट्रैक्टरों का दोनों ओर लंबा क़ाफ़िला रहा। किसानों के हाथों में बनास बचाओ , प्रकृति नहीं, लूट बंद करो और अवैध खनन रोको जैसी तख्तियां थीं।

**हाईकोर्ट आदेशों की अवहेलना का आरोप**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जयपुर उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद लीजधारक कंपनी बनास नदी में जेसीबी मशीनों से लगातार अवैध खनन कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस की शह पर दिन-रात भारी मशीनों से खनन चल रहा है, जिससे नदी की गहराई 8 से 10 मीटर तक बढ़ चुकी है, जबकि अनुमति केवल 0.5 मीटर की थी।

**पुलिस खुद दे रही सुरक्षा, ग्रामीणों का आरोप**

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब महिलाओं ने डंपरों से बजरी भरने का विरोध किया, तो पुलिसकर्मियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। आरोप लगाया गया कि अब पुलिस स्वयं पेट्रोलिंग कर बजरी निकालने में मदद कर रही है और विरोध करने वाले ग्रामीणों को डराया-धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार कंपनी के कर्मचारी हथियारों से लैस हैं, जिनमें कई हिस्ट्रीशीटर और वांछित अपराधी शामिल हैं।

**चरागाह भूमि नष्ट, मवेशियों पर संकट**

ग्रामीणों ने बताया कि लीजधारक ने चारागाह भूमि पर रास्ते बना दिए हैं और पेड़ों की कटाई कर दी है, जिससे करीब 20 हेक्टेयर क्षेत्र की घास पूरी तरह समाप्त हो गई है। अब मवेशियों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही पर्यावरण स्वीकृति की शर्तों के तहत प्रतिवर्ष 10 हजार पौधे लगाने की बाध्यता होने के बावजूद कंपनी ने एक भी पौधा नहीं लगाया।

**ग्रामीणों की चेतावनी-अब एक भी कण नहीं निकलने देंगे**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे बनास नदी से एक भी कण बजरी नहीं निकलने देंगे। ग्रामीणों ने कहा, बनास हमारी मां है, राजस्थान की गंगा है । इसके संरक्षण के लिए हम प्राण तक न्योछावर करने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की कि लीजधारक कंपनी के खिलाफ न्यायालय की अवमानना का मामला दर्ज कर खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही माइनिंग विभाग और पुलिस की मिलीभगत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## बनास नदी की पुलिया फिर टूटी, बड़ा हादसा टला

ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया आरोप केवल मोरम डालकर की गई खानापूर्ति, स्थायी सुधार नहीं





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव) क्षेत्र के सोंलकिया का खेड़ा और महेशपुरा गांव के बीच से गुजर रही बनास नदी की पुलिया पानी के तेज बहाव के कारण फिर से टूट गई। पुलिया पर बड़ा गड्ढा बन जाने से ग्रामीणों और अधिकारियों में हादसे का खतरा पैदा हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार, मातृकुंडिया बांध से छोड़े जा रहे पानी के कारण बनास नदी लगातार उफान पर थी। सोमवार मध्यरात्रि से पुलिया पर पानी बह रहा था। मंगलवार को पानी का बहाव कम होने पर लोगों को पुलिया के बीचो-बीच बड़ा गड्ढा दिखाई दिया, जिससे हादसे का अंदेशा बन गया। सूचना मिलते ही बड़लियास थाना प्रभारी देवराज सिंह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिया के दोनों तरफ मिट्टी डालकर मार्ग को बंद कराया। ठेकेदार द्वारा पुलिया पर मोरम डालकर केवल खानापूर्ति की गई, जिससे मार्ग से आवागमन सुचारू हुआ, लेकिन बड़े वाहनों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने टूटी हुई पुलिया पर सीसी निर्माण न करके केवल मोरम से खड्डा भरा, जिससे बारिश या पानी के तेज बहाव में मिट्टी बह सकती है और समस्या जस की तस बनी रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि जून 2023 में भी इसी स्थान पर पुलिया पर गड्ढा बन गया था, जिसे केवल खानापूर्ति करके भरा गया था। ग्रामीणों ने स्थायी सुधार की मांग की है।

# निर्दयता के बाद संवेदनशीलता-भीलवाड़ा में नवजातों की सुरक्षा के लिए शुरू हुई जांच प्रक्रिया

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने लिया सुविधाओं का जायजा, नवजातों की देखभाल को लेकर दिए सख्त निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के बिजौलिया में 20 दिन के मासूम शिशु के साथ हुई अमानवीय घटना , जिसमें बच्चे के मुंह में पत्थर ठूंसकर फेवीक्विक लगाया गया था ने न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। ऐसी वीभत्स घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सभी जिलों में स्थित पालना गृहों के निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं।

इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशाल भार्गव एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने जिले में संचालित दो पालना गृहों महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा तथा राजकीय दत्तक ग्रहण एजेंसी, राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, पालड़ी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भार्गव ने उपस्थित अधिकारियों से पालना गृहों के संचालन की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, नवजात शिशुओं की देखभाल, स्वास्थ्य सुविधाएं, और चिकित्सा सहायता की गुणवत्ता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक पालना गृह में छोड़े गए शिशुओं को सुरक्षित




और सम्मानजनक वातावरण मिले तथा निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन हो। सचिव भार्गव ने आगे कहा कि शिशुओं की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए जिले के तालुका स्तर पर भी पालना गृह स्थापित किए जाने आवश्यक हैं। इसके लिए उन्होंने जिला कलेक्टर एवं निदेशक, समाज कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

## धामनिया में साहू समाज की 11 गांवों की गोलाई बैठक सम्पन्न



भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

(विक्रम सिंह) धामनिया स्थित साहू समाज के नोहरे में समाज की 11 गांवों की गोलाई बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता भेरूलाल काछोला ने की। इस अवसर पर समाज सुधार के कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध, बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाना और युवाओं को नशे से दूर रखने की प्रेरणा देना शामिल है। उपस्थित समाजजनों ने इन निर्णयों का स्वागत करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में बिजोलिया में आगामी दिनों में आयोजित साहू समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। इस दौरान भेरूलाल लाल तेली, सत्यनारायण काछोला, रणवीर साहू थलकला, देवा तेली, कैलाश धामनिया, किशन मुकेश जगपुरा, नारायण रामसुख बगतपुरा, घीसा जसूजी का खेड़ा, उदयलाल अमरगढ़, धन्नालाल नाहरगढ़, सत्तू, कालूलाल सरथला सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



## QUICK BITES

# थाना प्रभारी के नेतृत्व में सघन नाकाबंदी, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



**(विक्रम सिंह)** थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को राज्य राजमार्ग 134 पर लक्ष्मणगढ़ चौराहे सहित क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर सघन नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की और यात्रियों के पहचान पत्र देखे । इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों और लोगों पर विशेष निगरानी रखी गई।

थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है।

# 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला




**(विक्रम सिंह)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार को 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग की एथलेटिक्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य कान सिंह ओस्तवाल, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी, थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा और तहसीलदार शैतान सिंह मीणा ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में जिलेभर के विद्यालयों से कुल 491 प्रतिभागी विभिन्न एथलेटिक्स, साहित्यिक और सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन और विद्यार्थियों में सामाजिक विकास, प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास बढ़ाने की बात कही।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई, प्रदीप सिंह सोलंकी, राजगढ़ विधायक प्रतिनिधि बद्री गुर्जर, जाल का खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, अक्षत पाराशर सहित शिक्षकवृंद, थल पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरीश चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# खजीना में खेल प्रतियोगिताः बालिकाओं को मिला घर जैसा माहौल

## गांव वालों की सेवा और भामाशाहों के सहयोग से बढ़ी प्रतिभागियों की खुशी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** खजीना गांव इन दिनों खेलों की वजह से खेल-गांव बन गया है। यहां चल रही संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक व वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय प्रतियोगिता में 14 और 19 वर्ष वर्ग की बालिकाएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 6 जिलों की 40 टीमों के 501 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

लेकिन यह आयोजन सिर्फ खेल तक ही सीमित नहीं है। गांव के लोगों की मेहमाननवाजी और सेवा ने खिलाड़ियों का मन जीत लिया है। प्रतियोगिता से पहले गांव में हुई बैठक में तय किया गया था कि खिलाड़ी गांव के घरों में ठहरेंगे, ताकि उन्हें अपने परिवार जैसा माहौल मिले।



प्रतिभागियों के अनुसार, स्कूल में ठहरने की व्यवस्था है, लेकिन असली गर्मजोशी और अपनापन तो गांव के आंगनों और घरों में दिखाई दे रहा है। हर घर ने खिलाड़ियों का स्वागत और सेवा अपने हाथों से किया, जिससे खिलाड़ियों को अपने घर की कमी नहीं महसूस हुई।

भामाशाहों के सहयोग से हर दिन खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग व्यंजन बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा सुबह-शाम का भोजन आत्मीय भाव से परोसा जा रहा है। खिलाड़ी बताते हैं कि इस तरह का आतिथ्य और सेवा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। गांव के 100 से अधिक युवा आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं। वे खिलाड़ियों के मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, सड़क पर वाहनों को रोकते हैं और हादसों से बचाते हैं।

प्रतियोगिता के चौथे दिन एथलेटिक्स में मोगास और ताऊसर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। सीनियर बैडमिंटन में ताऊसर, नागौर विजेता रही। जूनियर बैडमिंटन में मेवदा कला, नागौर ने भगवानपुरा को हराया। खो-खो जूनियर वर्ग सेमीफाइनल में ताऊसर ने साखड़ा को हराया, जबकि सीनियर वर्ग 3 किमी वॉक में मेजबान खजीना की खुशी जाट प्रथम रही।

प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा और मुख्य निर्णायक गोविंद मलवार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल खेल में प्रतिभा दिखाना ही नहीं, बल्कि सामाजिक विकास, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करना भी है। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा।

# शहरी सेवा शिविर में नागरिकों को मिली सुविधाएं

## पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने ली व्यवस्थाओं की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** नगर पालिका शाहपुरा में वार्ड 23 व 24 का शहरी सेवा शिविर बुधवार को पालिका परिसर में आयोजित हुआ।

पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को अनेक सेवाएं प्रदान की गईं। नगर पालिका ने 13 जन्म प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए, 26 रोड लाइटों की मरम्मत और 1 नई लाइट लगाई।



सफाई से जुड़ी शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

विद्युत विभाग ने 4 शिकायतें सुलझाईं, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने 2 लाभार्थियों को पोषण आहार दिया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 3 आवेदन निस्तारित किए गए और एक महिला की गोदभराई की रस्म संपन्न की गई। इस मौके पर नोडल अधिकारी कुलदीप जैन, सहायक नोडल अधिकारी भारत वैष्णव, सहायक लेखाधिकारी कुंदनलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।अध्यक्ष सोनी ने नागरिकों से आगामी 9 अक्टूबर को होने वाले वार्ड 25 व 26 के शिविर में भाग लेने की अपील की।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमके शाहपुरा के खिलाड़ी

## विनोद जनवरी में फरीदाबाद नेशनल में करेंगे प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**(मूलचंद पेसवानी)।** क्षेत्र के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मास्टर-2, 74 किलो वर्ग के खिलाड़ी विनोद कुमार जोशी ने 65 किलो बेंच प्रेस उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वे जनवरी 2026 में फरीदाबाद में होने वाले बेंच प्रेस क्लासिक नेशनल में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।




दी बॉलर्स जिम के कोच अंकित कसेरा ने बताया कि विनोद ने इस वर्ष छह प्रतियोगिताओं में से चार में स्वर्ण पदक जीते। वहीं जूनियर वर्ग में प्रदीप ने 74 किलो कैटेगरी में चौथा स्थान और सीनियर वर्ग में राहुल कोली ने 83 किलो वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया।

कोच कसेरा ने कहा कि शाहपुरा में युवाओं में बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग के प्रति रुचि बढ़ रही है। सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से यहां के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

# एनएसएस तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ।

अंतिम दिन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने की, जबकि मुख्य वक्ता प्रो. मूलचंद खटीक ने स्वयं से पहले आप ध्येय वाक्य की व्याख्या करते हुए कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण के सशक्त माध्यम हैं। डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय ने रक्तदान के महत्व पर प्रेरक व्याख्यान दिया, वहीं डॉ. ऋचा अंगिरा ने पर्यावरण, स्वच्छता व महिला सशक्तिकरण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो. तोरण सिंह चौहान ने साइबर क्राइम व डिजिटल सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया। स्वयंसेवकों नगीना मीणा व दिनेश गुर्जर ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हंसराज सोनी ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# नृसिंहपुरा में एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

श्री सवाई भोज गौशाला, नृसिंहपुरा में मंगलवार देर रात एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा व भक्ति के माहौल में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संत महंत महेन्द्रपुरी महाराज, निर्मलराम महाराज, रामविश्वास रामस्नेही, नारायणदास महाराज व सुरेशदास महाराज के सानिध्य में गौ पूजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीलाल गुर्जर जीएसएस अध्यक्ष ने की, जबकि मुख्य अतिथि गोपाल गुर्जर राष्ट्रीय अध्यक्ष, हिन्दू भोज सेना रहे।

इस अवसर पर देवीलाल गुर्जर ने गौशाला को एक ट्रैक्टर ट्रॉली, और गोपाल गुर्जर ने एक एंबुलेंस बेड भेंट किया। भक्तों द्वारा 13 लाख रुपए का जन सहयोग भी दिया गया।


भजन गायक ओम मुंडेल ने भक्ति भरे भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष हरि तंवर, विधायक लालाराम बैरवा, धनराज गुर्जर, करण सिंह, कमला रामस्वरूप गुर्जर सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने ली सेवा शिविरों की प्रगति समीक्षा बैठक

## आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शहर चलो एवं गांव चलो अभियान के तहत आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक ली।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आमजन को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं तथा समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर संधू ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र में शिविरों का नियमित निरीक्षण करे और आवश्यकतानुसार संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि लोगों को संतुष्टिपूर्ण सेवाएं मिल सकें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

# जिला अध्यक्ष चयन को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

## विकार रसूल वानी रहेंगे मुख्य अतिथि, जिला प्रभारी करेंगे कार्यकर्ताओं से संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चयन को लेकर कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार, को दोपहर 12 बजे मनमोहन रिसोर्ट, कोटड़ी रोड, शाहपुरा में आयोजित होगी।

बैठक में आईसीसी ऑब्जर्वर विकार रसूल वानी पूर्व मंत्री, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जम्मू-कश्मीर, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं भीलवाड़ा प्रभारी मुख्य अतिथि रहेंगे। उनके साथ पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, बालूलाल भील और अनुपम शर्मा बतौर पर्यवेक्षक शामिल होंगे।

बैठक में ग्रामीण एवं नगर कांग्रेसजनों की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष चयन पर चर्चा की जाएगी। जिला प्रभारी व्यक्तिगत रूप से एवं प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल ने बताया कि सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षद, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ, ब्लॉक-मंडल पदाधिकारी, युवा कांग्रेस और अन्य कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है। बैठक को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है, जिसे आगामी चुनावी तैयारियों और संगठन सुदृढ़ीकरण के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# सरबती गाड़ोदिया बालिका विद्यालय में कैरियर गाइडेंस सेमिनार और प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**(दिनेश पारीक )।** राजकीय सरबती गाड़ोदिया बालिका विद्यालय में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग और विद्यालय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस सेमिनार, मिट विथ ऑफिसर्स और प्लास्टिक मुक्त अभियान का एकदिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि प्रधान करण सिंह कानावत, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर और पूर्व प्रधान जमनालाल डिडवानिया रहे। अतिथियों ने छात्राओं को आत्मनिर्भरता, लक्ष्य निर्धारण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मिट विथ ऑफिसर्स सत्र में छात्राओं ने अधिकारियों से करियर और परीक्षा संबंधित प्रश्न पूछे।

अंत में प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत छात्राओं ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

इस अवसर पर सीडीपीओ शंकरलाल, बीडीओ रामविलास मीणा, श्यामलाल गुर्जर साखड़ा सहित अधिकारी और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# एनसीपीएसएल द्वारा संचालित सिंधी लैंग्वेज कोर्स के सुपरवाइजरों के साथ बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीरथानी ने हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में एनसीपीएसएल द्वारा संचालित सिंधी लैंग्वेज कोर्स के सभी सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। सभा के जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि बैठक में कक्षाओं की प्रगति, विद्यार्थियों की उपस्थिति और समाज में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में ओम प्रकाश गुलाबानी, जिला प्रभारी किशोर कृपलानी, संभाग प्रभारी वीरूमल पुरसानी, मीना निमरानी, धीरज पेशवानी, पुरुषोत्तम परियानी, बलराम किशनानी, एवं अधिवक्ता दीपक खूबवानी उपस्थित रहे। सभी ने बैठक के बाद महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन से आशीर्वाद लिया।



# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का सवाईपुर में भव्य स्वागत, महिलाओं ने सेल्फी ली

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कोटा से भीलवाड़ा जाते समय मंगलवार देर रात सवाईपुर बनकाखेड़ा और रुपाहेली चौराहे पर जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

बनकाखेड़ा चौराहे पर पूर्व सरपंच महावीर सुवालका के नेतृत्व में माला और साफा पहनाकर गहलोत का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बड़ला ज्वाला सिंह, रेड़वास भंवर शर्मा, युवा नेता देबीलाल जाट, कमलेश जाट बड़ला, ईश्वर जाट कालिरडिया, ओमप्रकाश शर्मा रेड़वास, पराक्रम सिंह रेड़वास, भैरूलाल नोदल, श्यामलाल शर्मा, भुपेंद्र सिंह, बबलू सिंह, हिरा लाल माली, धर्मराज माली, प्रेमशंकर श्रोत्रिय, लक्ष्मण गाडरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




रूपाहेली चौराहे पर प्रशासक प्रतिनिधि ओमप्रकाश जाट के नेतृत्व में माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान गणपत जाट, सांवरलाल जाट, हीरालाल जाट, भगवानलाल सालवी, नटवर सिंह, श्यामलाल, भैरूलाल, विनोद जाट, सुनील कुमार, अशोक कुमार, उदयलाल गाडरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

स्वागत कार्यक्रम में महिलाओं ने भी माला पहनाकर अभिनंदन किया और पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के साथ सेल्फी ली। बनकाखेड़ा चौराहे पर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश जाट के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ । इस दौरान उपसरपंच दिनेश शर्मा, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष भेरू सिंह, वार्ड पंच चन्द्रशेखर जाट, देवराज जाट, भेरू जाट भोपाजी, कुन्दन सिंह, रामेश्वर जाट, गोपाल जाट, नारायण आचार्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सातवां निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर रविवार को लाडपुरा में

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**




जिला अंधता निवारण समिति भीलवाड़ा के सहयोग से और नंदलाल मेवाड़ा एवं नानी देवी मेवाड़ा द्वारा आयोजित सातवां निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर रविवार को लाडपुरा के सामुदायिक भवन एवं यश स्वाध्याय भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्थानीय लोगों के लिए आँखों की जांच, चश्मे, कालापानी, मोतियाबिन्द, नासूर और पर्दे की बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण किया जाएगा।

शिविर का पंजीयन सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा और दोपहर 2 बजे तक चलेगा। आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन योग्य मरीजों को उचित उपचार की सलाह दी जाएगी, जबकि मोतियाबिन्द के मरीजों का ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय भीलवाड़ा में निःशुल्क कराया जाएगा।

## QUICK BITES

# राज्य स्तरीय कुश्ती-जूडो प्रतियोगिता में पुर विद्यालय की छात्राओं का जलवा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुर की छात्रा कविता माली ने 19 वर्ष आयु वर्ग की 57 किलो ग्राम कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

इसी तरह उदयपुर के गिरवा में हुई जूडो प्रतियोगिता में आरती आचार्य 14 वर्ष, 40 किलो और रिंकू गुर्जर 14 वर्ष, 44+ किलो ने भी प्रथम स्थान हासिल किया।

जयपुर में हुई प्रतियोगिता में सविता माली और कंचन राजोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सुनीता माली ने 17 वर्ष वर्ग में भाग लिया। प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने छात्राओं का मिठाई खिलाकर व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# आसींद के छात्र निर्मल गुर्जर ने राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में आसींद के युवाओं का दबदबा कायम है। इसी कड़ी में शहर के निर्मल गुर्जर ने जोधपुर जिले के ओसियां में आयोजित राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बुधवार को आसींद बस स्टैंड से भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकला।

इस अवसर पर कन्हैया लाल गुर्जर, सूरज गुर्जर, शारीरिक शिक्षक अमित गुर्जर, संदीप टेलर, विद्यालय निर्देशक मनोहर सिंह चुंडावत, आनंद सिंह रावत, वॉलीबाल टीम कोच जगदीश गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना कार्यों की जानकारी दी गई।

सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला मलजल एफएसटीपी में भेजकर ट्रीट किया जाएगा और खाद बनाई जाएगी, जिससे स्वच्छता बढ़ेगी। कार्यकर्ताओं को गीला व सूखा कचरा अलग करने और नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में नगर पालिका के प्रहलाद गुलपारिया, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आईशा खान, महिला पर्यवेक्षक पूजा मीणा, संजू भील और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का मांडलगढ़ चौराहे पर स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मंगलवार रात मांडलगढ़ के माणिक्य लाल वर्मा सर्किल चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गहलोत कोटा से भीलवाड़ा जाते समय रात को कुछ देर के लिए रुके। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से अभिनंदन किया और प्रदेश की राजनीतिक स्थिति व संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान अक्षय त्रिपाठी, रसीद आसाम, जफर टांक, रफीक टांक, अरुण व्यास, भैरूलाल गुर्जर, धन्ना जाट, नीतीश गट्टानी, भूरालाल माली, सत्यनारायण माली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।